प्रेस-विज्ञप्ति **18.12.2020**

अनवरगंज-मंधना रेलवे लाइन हटाने के मुद्दे पर मर्चेंट्स चैम्बर, व्यापर मंडल व् आईआईए के पदाधिकारियों के सयुक्त बैठक में एक समिति बनाई गयी जो इस मुहीम व आंदोलन को चलाएगी

आज दिनांक 18.12.2020 समय सायं 05:00 बजे से शहर के मध्य में जी.टी,रोड के समानांतर स्थित अनवरगंज-मंधना रेलवे लाइन हटाने सम्बंधित आयोजित बैठकों की श्रृंखला में मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापर मंडल द्वारा संयुक्त रूप से एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया व इसमैं इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

मर्चेंट्स चेम्बर के अध्यक्ष श्री मुकुल टंडन ने कहा कि मर्चेंट्स चेम्बर द्वारा अनवरगंज-मंधना रेलवे लाइन हटाने हेतु उचित स्तर पर रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक व रेलवे मंत्रालय, भारत सरकार एवं चेयरमैन रेलवे बोर्ड को लगातार सुझावो को प्रेषित करता रहा है। मर्चेंट्स चेम्बर एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापर मंडल के सहयोग से कानपुर विकास संकल्प समिति बनाई गयी जो इस दिशा में पूर्ण दृढ़ निश्चय के साथ कार्यरत होगी।

मर्चेंट्स चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आई.एम. रोहतगी ने कहा कि कानपुरवासी लम्बे समय से अनवरगंज से मंधना तक बिछी रेलवे लाइन को हटाने तथा पनकी को मंधना से जोड़ने के सम्बन्ध में अपनी पीड़ा व्यक्त करते रहे है। कानपुर जी.टी.रोड पर समानांतर से 18 रेलवे क्रौसिंग स्थित है जो जाम के साथ-साथ हानिकारक और जहरीला वायु प्रदुषण उत्सर्जन का भी कारन बनती है।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापर मंडल के प्रदेश महामंत्री श्री ज्ञानेश मिश्र कहा कि जी टी रोड पर विकराल जाम का मुख्य कारण बनी मंधना से अनवरगंज तक रेलवे लाइन के समानांतर मंधना के करीब आई आई टी से मेट्रो की घोषणा होने के उपरांत इस रास्ते पर आने जाने का एक विकल्प होने से मंधना से आने जाने वालों का साधन मिल जाएगा। इस रेलवे लाइन को हटाने के लिए अभियान जारी रहेगा। इसलिए अब रेलवे लाइन हटाना ही जीटी रोड के विकराल जाम का विकल्प है और इस लाइन को हटाने का अभियान जारी रहेगा।

गुमटी नं 5 व्यापार मंडल अध्यक्ष राजे गुप्ता ने कहा कि इस रेलवे लाइन की वजह से गुमटी सहित अस्सी फीट रोड, जरीब चौकी, रावतपुर, कल्याणपुर आस-पास की सभी बाजारों का व्यापार प्रभावित है इसलिए इस मुहीम को और तेज किया जायेगा।

बैठक में गठित कानपुर विकास संकल्प समिति के संरक्षक मर्चेंट्स चेम्बर के अध्यक्ष मुकुल टंडन व डॉ. इंद्र मोहन रोहतगी, सयोजक अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा, सचिव- गुमटी नं 5 व्यापार मंडल अध्यक्ष राजे गुप्ता, कोषाध्यक्ष अस्सी फिट रोड के अध्यक्ष अलोक श्रीवास्तव, सहसंयोजक जरीब चौकी अध्यक्ष संजय मिश्रा, सरदरगुरजिंदर सिंह व इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन कानपुर चैप्टर के अध्यक्ष जय हेमरजानी

होंगे। कुल 51 सदस्यीय समिति बनाई जाएगी जो इस पुरे मुहिम व आन्दोलन को आगे चलाएगी।
उक्त संवादात्मक चर्चा में चैम्बर के इंफ्रास्ट्रक्चर कमिटी के चैयरमैन श्याम मेहरोत्रा, श्री महेंद्र नाथ मोदी, पीड़ित बाजारों से इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महामंत्री मनीष गुप्ता, सरदार भूपेंद्र भाटिया, गोविन्द गुप्ता, अजय गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, सरदार सुरेंद्र सिंह केसरी, मनीष वंशदानी, प्रकाश गुप्ता और चित्रांशु शुक्ल आदि उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित सहभागियों ने यह तय हुआ कि:
- मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वाधान में एक प्रतिनिधि मंडल माननीय मुख्यमंत्री, उत्तरप्रदेश से व्यक्तिगत रूप से मुलाक़ात करेगा।
- जरीब चौकी क्रासिंग से मंधना तक प्रत्येक क्रासिंग पर बैनर लगाकर हस्ताक्षर-अभियान चलाया जायेगा। व नए लक्ष्य दस लाख पोस्ट कार्ड भेजो महाअभियान भी जल्द शुरू किया जायेगा
- इस रेलवे लाइन से प्रभावित सभी सरकारी विभागों, हाईलेट-अस्पताल व स्कूल कॉलेज में इस मुहीम के समर्थन में पत्र भी लिए जायेंगे।

धन्यवाद